PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Hum Sath Sath Hai
Year:1999

Song: Ye To Sach Ke Bhagvan Hai
Lyricist: Ravinder Rawal

ये तो सच है के भगवान है
है मगर फिर भी अनजान है
ये तो सच है के भगवान है
है मगर फिर भी अनजान है
धरती पे रूप माँ बाप का
उस विधाता की पहचान है
ये तो सच है के भगवान है

जन्मदाता है जो नाम जिनसे मिला
थाम कर जिनकी उँगली
है बचपन चला
ओ... ओ...
काँधे पर बैठके जिनके देखा जहाँ
ज्ञान जिनसे मिला क्या बुरा क्या भला
इतने उपकार हैं क्या कहें
ये बताना ना आसान है
धरती पे रूप माँ बाप का
उस विधाता की पहचान है
ये तो सच है के भगवान है

जन्म देती है जो माँ जिसे जग कहे
अपनी संतान में प्राण जिसके रहे

ओ...हो... ओ...
लोरियाँ होंठों पर सपने बुनती नज़र
नींद जो वार दे हँसके हर दुख सहे
ममता के रूप में हे प्रभु
आपसे पाया वरदान है
धरती पे रूप माँ बाप का
उस विधाता की पहचान है
ये तो सच है के भगवान है

आपके ख़्वाब हम आज होकर जवाँ
उस परमशक्ति से करते हैं प्रार्थना
ओ... ओ...
इनकी छाया रहे रहती दुनिया तलक
एक पल रह सकें हम ना जिनके बिना
आप दोनों सलामत रहें
सबके दिल में ये अरमान है
धरती पे रूप माँ बाप का
उस विधाता की पहचान है
ये तो सच है के भगवान है
है मगर फिर भी अनजान है
धरती पे रूप माँ बाप का
उस विधाता की पहचान है

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.